फा.सं.आई-11011/01/2017-एनएमआरएफ

भारत सरकार

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र

ए-50, सेक्टर 62,

नोएडा-201309, उत्तर प्रदेश

दिनांक: 29.10.2020

## कार्यालय आदेश

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र 26 फरवरी, 2018 से राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10(4) के तहत अधिसूचित है। अत: राजभाषा नियम 1976 के नियम 8(4) के अन्तर्गत कार्यालय में स्थित ***प्रशासन/रोकड़/स्था., कार्यालय प्रमुख, पुस्तकालय, कंप्यूटर प्रभाग, शोध अनुभाग*** को राजभाषा नियम 1976 के अन्तर्गत हिंदी में कार्य करने के लिये विनिदृष्ट किया जाता है। सभी अनुभागों के अधिकारियों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे अपना शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में ही किया जाना सुनिश्चित करें।

2. राजभाषा नियम 1976 के नियम 8(4) के अंतर्गत आपको यह आदेश दिया जाता है कि निम्नलिखित कार्यों के साथ-साथ अपना मूल टिप्पण-आलेखन (नोटिंग/ड्राफ्टिंग) कार्य भी हिंदी में करें:-

1. राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अन्तर्गत जारी किए जाने वाले सभी सामान्य आदेश, अनुदेश, प्रशासनिक व अन्य रिपोर्टें द्विभाषी रूप में जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
2. "क" तथा "ख" क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाए तथा "क" क्षेत्र में स्थित कार्यालयों से पत्र-व्यवहार अनिवार्य रूप से हिन्दी में किया जाए।
3. नेमी प्रकार के पत्र-व्यवहार अर्थात पावतियां, अनुस्मारक, शून्य रिपोर्ट, अग्रेषण पत्र, संपत्ति विवरणी, अवकाश संबंधी कार्य हिंदी में किए जाएं।
4. हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में दिए जाएं।
5. रजिस्टरों में प्रविष्टियां हिंदी में की जाएं।
6. सेवा अभिलेखों/सेवा पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां शत-प्रतिशत हिंदी में की जाएं।
7. पत्राचार अधिक से अधिक हिंदी में किया जाए ताकि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।
8. फाइलों पर टिप्पणियां हिंदी में लिखी जाएं तथा फाइल किए जाने वाले पत्रों पर फाइलिंग आदेश संबंधी कार्य हिंदी में किए जाएं।

हिंदी में किये गये कार्य की रिपोर्ट प्रत्येक तिमाही में विधिवत भरकर हिंदी अनुभाग को भेज दें ताकि किये गये कार्य की रिपोर्ट मंत्रालय एवं राजभाषा विभाग में भेजी जा सके।

3. यह कार्यालय आदेश प्रमुख, रा.म.अ.मौ.पू.कें के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

मनोज गुप्ता

(मनोज गुप्ता)

निदेशक, भारत सरकार

**प्रतिलिपि सूचनार्थ**

1. कार्यालय प्रमुख, रा.म.अ.मौ.पू.कें., नोएडा
2. शोध विभाग, डॉ. आशीष कुमार मित्रा, वैज्ञानिक 'जी'
3. निदेशक (प्रशा./स्था./रोकड़ अनुभाग)
4. डॉ. बी.अतियमन, वैज्ञानिक 'एफ', कंप्यूटर प्रभाग (कार्यालय की वैबसाइट पर भी अपलोड कराने का अनुरोध )
5. डॉ. डी.राजन, वैज्ञानिक 'एफ', पुस्तकालय
6. गार्ड फाइल